PRESS RELEASE 2015

Heidelberg Institute for
International Conflict Research

प्रेस विज्ञाप्ति (अनुवादकः समान्था खन्ना)
हाईडलबर्ग का अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष का अनुसंधान केन्द्र
हाईडलबर्ग - २३.०२.२०१६

हाईडलबर्ग का अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष का अनुसंधान केन्द्र (HIIK) इस „संघर्ष बैरोमीटर" द्वारा वर्ष २०१५ के लिए दुनिया के तमाम संघर्षों संबंधित अपने वर्तमान आँकड़े और विश्लेषण प्रस्तुत करता है।
अपनी कार्याप्रणाली के अनुसार वर्ष २०१५ में कुल ४०९ संघर्ष दुनिया भर में निर्धारित किए गये जिनमें से २२३ संघर्षों में भारी हिंसा का प्रयोग हुआ था। जहां एक तरफ पिछले साल कि तरह
उन १९ युद्धों की संख्या अटल रही है जिन्होंने युद्ध के सर्वोच्च प्रबलता के स्तर को हासिल किया है, वहां दुसरी तरफ़ सीमित प्रबलित युद्धों की संखिया २४ पर ह्रास हुयी है।

वर्ष २०१४ की तुलना में तीन नये युद्ध निर्धारित किये गयेः उधारणार्थ तुर्की में सरकार और PKK दल के बीच का संघर्ष तीव्रता से बढ़ा जिसके नतीजे में २ साला युद्धविराम का अंत हुआ। फिलीपिंस में भी सरकारी सेना और BIFF दल के सिपाहियों के बीच प्रबलित विरोध किये गये। इस के अलावा दक्षिण सुदान में एक संघर्ष ने युद्धे के स्तर को प्राप्त कर लिया है, कियोंकि वहां भिन्न भिन्न जन समुदायों के अंतर पशुधन और भूमी क्षेत्र के संबंधित संग्राम अत्यन्त उग्र ढ़ंग में किये गये। बाक़ि १६ युद्धों का प्रबलता लेवल २०१५ में वर्ष २०१४ कि तरह स्थायी रहा।
कुल राजनीतिक संघर्षों में से लघभग एक चौथाई अफ़्रीका के रेगिस्तान सहारा से दक्षिणी इलाक़ों में निर्धारित किये गये। मिसाल की तौर पर बोको हराम ने लगातार नाइजीरिया के पड़ोसी देशों पर बदलती रणनीतियों द्वारा हमले किये। उन में कुल मिलाकर कम से कम १२ हज़ार लोग मारे गये, और २४ लाख लोग अपने घरों से भगाये गये। सुदान के दोनों हिस्सों में ५ अन्य युद्ध भी जांचे गये। मध्य अफ़्रीकी गणराज्य और सोमालिया में भी विरोधी दलों के बीच भारी संग्राम किये गये। मुख्यतः केनिया में पहले से ज़्यादा हमले इसलामी दल अल-शबाब ने किये हैं।
मध्य पूर्वी और उत्तर अफ़्रीकी देशों में HIIK ने सीरिया और इराक़ जैसे युद्ध क्षेत्रों के बावजूद अफ़ग़ानिस्तान, तुर्की, येमन और लीबिया में भी युद्धकारी विरोध पाये। सीरिया, इराक़ और उनके पड़ोसी देशों की सरकारों को एक अंतर्राष्ट्रिय संघटन द्वारा „इस्लामिक स्टेत (IS)" के ख़िलाफ़ जंग के लिए समर्थन और सहारा मिला। इस के बावजूद IS ने अफ़ग़ानिस्तान, फ़्रान्स और बांग्लादेश में खरे अयोजित

Board: Christopher Becker, Sara Engelberg, Jason Franz, Jasper Linke, Johannes Nickl
Bergheimer Straße 58 | 69115 Heidelberg | T+49 (6221) 54 31 98 | F +49 (6221) 542896 | info@hiik.de| www.hiik.de bank details: Sparkasse Heidelberg | BLZ 672 500 20 | account 240 69 50

IBAN: DE71672500200002406950 | SWIFT-BIC: SOLADES1HDB | creditor-identifier: DE79HIK00000581032

हमलों के साथ साथ कई मग्रिबी देशों के इलाक़ों को अपने काबू में लाया है, जिस्से वह अपने इख़्तियार के मण्डल को फैलाने में काम्याब हुआ।
एशिया और समुद्रिय देशों के ९०% संघर्ष कम हिंसक या अहिंसक लेवल में घटे। समस्त ६ सर्वोच्च प्रबलिक संघर्ष मियानमार, फिलीपिंस और पाकिस्तान में पाये गये। इस के अलावा कोरिया में सुरक्षा अवस्था बिगड़ गयी जब वहां के असैनिक शासन क्षेत्र के दक्षिण में बारूदी सुरंगों के धमाके से दो सैनिक बहुत जख़्मी हो गये थे।
अम्रीकी महादेश में मेक्सिको की औशधी जंग के साथ ज्यादातर हिंसात्मक संघर्श एक तरफ़ सरकारों और दुसरी तरफ़ आदिवासियों और अन्य विपक्षी दलों के बीच में घटित हुए।
हालांकि यूरोप में संघर्षों की कुल संख्या बढ़ी है, अधिक संघर्ष अहिंसक लेवल पर मापे गये। सिर्फ़ युक्राईन में एक सर्वोच्च प्रबलित संघर्ष पाया गया। यह युद्ध जो दोनबास इलाक़े को अपने क़ाबू में लाने के लिये एक तरफ़ सरकार और दूसरी तरफ़ विरुद्धी दलों के बीच में है, इस वर्ष में भी जारी रहा। इस मे कम से कम ४००० लोग मारे गये हैं और अनेक लोग घायल हुए हैं।

२०१५ में कुल मिलाकर ७ नये संघर्ष पंजिकृत हुए हैं, जिन में से २ हिंसात्मक विपक्षी संघर्ष कांगो और सर्बिया में पाये गये तथा एक संघर्ष निकारागुआ की सरकार और आदिवासी जनता के बीच में।

२०१५ में कुल ७५ अंतर्राज्य, २८० राज्यान्तरिक और ५५ जीलों के पद में संघर्ष निर्धारित किये गये। संघर्षों की बहुसंख्या अंतर्राज्य पद पर अहिंसक लेवल में मापी गयी। ये देश २०१५ में सब से अधिक अंतर्राज्य संघर्षों में शामिल थेः अम्रीका (१२), रूस (८), तूर्की (६), इरान (५), जापान (५) और चीन (५)।

वर्ष १९९० से HIIK दुनिया भर के राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, और अन्य राजनीतिक संघर्षों के अनुसाधान, प्रलेखन और मूल्यांकन करने के लिये समर्पित है। वार्षिक प्राकाशित होने वाले „संघर्ष बेरोमीटर” में वर्तमान हिंसक और अहिंसक संघर्षों के संक्षिप्त विवरण धारित होते हैं।

Kontakt: Sara Engelberg | Telefon: 06221 54 31 98 | Mail: engelberg@hiik.de